## क्या कोई शुल्क है?

केयर फाइंडर सेवा नि:शुल्क है

## क्या मैं किसी दुभाषिए की सेवा ले सकता हूँ?

हमारे केयर फाइंडर विभिन्न प्रकार की भाषाएँ बोलते हैं और ज़रूरत पड़ने पर एक नि:शुल्क दुभाषिया सेवा भी उपलब्ध है।

## आईपीसी हैल्थ की केयर फाइंडर सेवा से संपर्क कैसे करें

**P** 1300 895 589
**E** carefinders@ipchealth.com.au

या अपने स्थानीय आईपीसी हैल्थ कैम्पस पर जाएँ।

आईपीसी हैल्थ ऑस्ट्रेलियाई और विक्टोरियाई सरकारों की सहायता का आभार प्रकट करता है।


**IPC Health**

PO Box 171
Deer Park VIC 3023

**ACN** 136 685 151
**ABN** 68 846 923 225


**Deer Park**

106 Station Road
Deer Park 3023

**St Albans**

1 Andrea Street
St Albans 3021

**Sunshine**

Level 1, 499 Ballarat Road
Sunshine 3020

**Altona Meadows**

330 Queen Street
Altona Meadows 3028

**Hoppers Crossing**

117–129 Warringa Crescent
Hoppers Crossing 3029

**Wyndham Vale**

510 Ballan Road
Wyndham Vale 3024

**केयर फाइंडर सेवा फोन नम्बर**

**1300 895 589**

**W** ipchealth.com.au
**E** ipchealth@ipchealth.com.au

ipchealth.com.au

IPC Health    IPC Health    IPCHealth_au

V2.1_03_2025

IPC Health

# आईपीसी हैल्थ केयर फाइंडर सेवा



# हमारे केयर फाइंडर्स को आपके लिए आवश्यक देखभाल का पता लगाना दें

आईपीसी हैल्थ के केयर फाइंडर उन वृद्ध लोगों, जिन्हें रोज़मर्रा के कार्यों के साथ सहायता की ज़रूरत होती है, को उनके लिए उपलब्ध एज्ड केयर सेवाओं और समर्थनों का पता लगाने में मदद करते हैं।

हमारे केयर फाइंडर उन वृद्ध लोगों की सहायता कर सकते हैं जिन्हें My Aged Care सहित एज्ड केयर सेवाओं और समर्थनों तक पहुँच प्राप्त करने और इसकी व्यवस्था करने में चुनौतियाँ या बाधाएँ आती हैं, और जिनके कोई परिजन, मित्र या अन्य प्रतिनिधि नहीं हैं जो सहायता कर सकते हैं।

IPC Heath की केयर फाइंडर सेवा एज्ड केयर सेवाओं के लिए पात्र लोगों की सहायता करती है, इनमें सांस्कृतिक और भाषाई तौर पर विविध समुदाय के लोग और एबोरिजनल तथा टोरस स्ट्रेट आइलैंडर लोग और विकलाँगता से ग्रस्त लोग शामिल हैं।

हमारी अनुकूलनीय सेवा का अर्थ है कि हमारे केयर फाइंडर आपको किसी भी ऐसे स्थान पर मिल सकते हैं जहाँ आप सहज महसूस करते हैं।

वे आपकी स्थिति को समझने के लिए आपसे सवाल पूछेंगे, आपकी ज़रूरतों के बारे में आपसे बात करेंगे, सबसे बेहतर सेवा या सहायता का पता लगाने में आपकी सहायता करेंगे, हर कदम पर आपके साथ काम करेंगे।

केयर फाइंडर आपको यह समझने में सहायता दे सकते हैं कि आपके लिए किस प्रकार की एज्ड केयर सेवाएँ और समर्थन उपलब्ध हैं।
वे आपको संपूर्ण आकलन प्रक्रिया समझा सकते हैं और आपकी ज़रूरतों के लिए सबसे उपयुक्त सेवा का पता लगाने में आपकी मदद कर सकते हैं। वे सामाजिक संपर्कों का निर्माण करने के लिए समुदाय में अन्य समर्थनों का पता लगाने में भी आपकी मदद कर सकते हैं।

आपकी सेवाएँ शुरू और संचालित होने पर हमारे केयर फाइंडर आपका हालचाल पूछना जारी रखेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपको आपके लिए आवश्यक देखभाल मिल रही है।
वे आपकी सेवाओं को बदलने में भी आपकी मदद कर सकते हैं यदि वे आपकी देखभाल ज़रूरतों को पूरा न कर रहे हों तो।

## हम आपको सहायता की पेशकश कर सकते हैं यदि आप...

- एज्ड केयर (वयोवृद्ध देखभाल) सेवाओं के लिए पात्र हैं (अर्थात 65+ आयु के व्यक्ति हैं या 50+ आयु के ऐसे व्यक्ति है जो अपनी पहचान एबोरिजनल या टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर के तौर पर करता है या आप आवासहीनता का अनुभव कर रहे हैं।)
- Brimbank, Hobsons Bay, Maribyrnong, Wyndham, Melton या की नगरपालिकाओं में रहते हैं और आपको एक या एक से अधिक रोज़मर्रा के कार्यों में मदद की ज़रूरत है और आपको My Aged Care सहित एज्ड केयर सेवाओं तथा समर्थनों को समझने तथा इनतक पहुँच प्राप्त करने में अतिरिक्त सहायता की ज़रूरत है क्योंकि -
  - आप अकेले हैं और आपका कोई परिजन, मित्र या अन्य प्रतिनिधि नहीं है जो आपकी सहायता कर सकता है या जिसपर आप भरोसा कर सकते हैं
  - आपको इसलिए बातचीत करने में कठिनाई होती है क्योंकि आप अंग्रेज़ी के अलावा कोई अन्य भाषा बोलते हैं या आपको पढ़ने या लिखने में कठिनाई पेश आती है
  - आपको सूचना को समझना और निर्णय लेना कठिन लगता है
  - आप एज्ड केयर समर्थनों या अन्य सरकारी सेवाओं से लेनदेन या बातचीत करने को लेकर अनिच्छुक हैं

आईपीसी हैल्थ के केयर फाइंडर अक्सर आपको माई एज्ड केयर सहित पेचीदा और भ्रमित एज्ड केयर सेवा प्रणाली को समझने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

आपके लिए ज़रूरी सहायता प्राप्त करने में हम आपकी मदद कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आप अपने खुद के घर में सुरक्षित और ठीक-ठाक हैं, और यह सहायता निम्नलिखित से जुड़ी हो सकती है:

- निजी देखभाल
- भोजन बनाना
- शॉपिंग
- बागवानी और घर का रखरखाव कार्य
- परिवहन
- इन होम (घर में) नर्सिंग या हेल्थ केयर (स्वास्थ्य देखभाल)
- अलाइड हेल्थ जैसे कि पोडियाट्री, डाइटेटिक्स (आहार-विज्ञान), फिजियोथेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी या काउंसलिंग (सलाह-मशविरा)
- सामुदायिक या सामाजिक गतिविधियाँ

आपकी एज्ड केयर ज़रूरतों और लक्ष्यों को **समझना**

संपूर्ण एज्ड केयर प्रणाली और आकलन प्रक्रिया में **आपका समर्थन**



आपका **हालचाल पूछना** जारी रखना और जहाँ ज़रूरी हो निरंतर सहायता

सेवाओं और समर्थनों का पता लगाने और उनसे **जुड़ने** में आपकी मदद